WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS

हजीरा में नाइट्रो – फॉस्फेट परियोजना

1819. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला**: क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सार्वजनिक निवेश बोर्ड समिति ने सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत हजीरा में स्थापित की जाने वाली नाइट्रो-फास्फेट परियोजना के प्रथम और द्वितीय चरणों के लिए, 1994 मे ही अनुमति दे दी थी;

(ख) क्या सार्वजनिक निवेश बोर्ड ने उक्त परियोजना के दूसरे और तीसर चरणों के लिए अनुमति देने के संबंध में कुछ आपत्तिया उठायी थी;

(ग) क्या इस संबंध में पर्यावरण संबंधी अनुमति दे दी गई थी;

(घ) क्या सार्वजनिक निवेश बोर्ड ने आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रीमंडलीय समिति को इस परियोजना का अनुमिदन करने की सिफारिश की थी; और

(ड़) यदि हां, तो इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. ए. के. पटेल): (क) और (ख) कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेद) (कृभको) की हजीर स्थित नाइट्रो-फास्फेट/ कैल्शियम अमोनियम नाइट्रो परियोजन के लिए निर्धारित निवेश अनुमोदन प्रक्रिया के तहत प्रथम चरण मंजूरी मई, 1994 में और द्वितीय चरण मंजूरी जनवरी, 1996 में प्रदान की गई थी । परियोजना को चरणॉ में कार्यान्वित नही किया जाना था । इसलिए परियोजना के द्वितीय और तृतीय चरण अनुमोदन के प्रति आपत्ति का प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) जी, हां ।

(घ) और (ड) इससे पहले कि सरकार के निवेश अनुमोदन हेतु अन्तिम प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता, कृभको के निदेशम मण्डल ने परियोजना प्राचलों विशेषत: सम्भाव्य अधिशेष अमोबिया की प्राप्ति और मचेंट अमोनिया की बिक्री के सापेक्ष लाभ से संबंधित प्राचलों का पुनर्मूल्याकंन किया । इस समीक्षाआ के आधार पर इस प्रस्ताव को छोड़ने का निर्णय लिया गया था ।

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के उत्पादन का लक्ष्य

1820. **श्री अखिलेश दास**: क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षो के दौरन, सरकारी क्षेत्र के उर्वरक उत्पादक उपक्रमो में यूरिया और अन्य प्रकर के उर्वरक उत्पादन के संबंध में वार्षिक वास्तविक लक्ष्य क्या निर्धारित किय गया है तथा इस तीन वर्षो में प्रत्येक वर्ष के दौरान कितनी मात्रा मेम उत्पादन हुआ है;

(ख) क्या उपर्युक्त वर्षो के दौरान इन उर्वरकों के उत्पादन में कमी आई है;

(ग) यदि हां, तो तंत्संबंधी ब्यौर क्या है; और

(घ) गत तीन वर्षो के दौरान यूरिया के उत्पादन में काफी गिरावट के लिए कौन –कौन से कारक जिम्मेदार थे और सरकारी विशेषज्ञो द्वारा आंकडो संबंधी किए गए संकलन का ब्यौरा क्या है?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय मेम राज्य मंत्री (डा. ए. के. पटेल): (क) से (घ) लक्ष्यों के संदर्भ में सार्वजनिक क्षेत्र के उर्वरक उत्पादन करने वाले उपक्रमों द्वारा यूरिया के उत्पादन तथा अन्य उर्वरकों की समेकित सूचना संलग्र अनुपत्र में दी गई है । [देखिए परिशिष्ट 184, अनुपत्र संख्या 58]

नाइट्रोजन तथा फास्फेट पोषकों के रूप में, सार्वजनिक क्षेत्र के उर्वरक उत्पादन करने वाले उपक्रमों द्वारा उर्वरकों का कुल उत्पादन 1997-98 के दौरान 9.4 % था जो 1995-96 के अपेक्षा अधिक था । समग्र रूप से, इन उपक्रमों द्वारा यूरिया के उत्पादन में उसी अवधि के दौरान उपक्रमों द्वारा यूरिया के उत्पादन में उसी अवधि के दौरान 15.3% वृद्धि दर्ज की गयी ।

New Urea Fertilizer Plant

1821. SHRI VAYALAR RAVI: Will the Minister of CHEMICALS- AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether Government have decided to set up a new urea fertilizer plant in the country; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (DR. A.K. PATEL): (a) and (b) As per the Industrial Policy Statement issued by the Government on 24.7.91, no industrial licence is normally required for setting up a fertilizer plant.